सार-समाचार

काली बाई के बलिदान पर नाटक मंचन

उदयपुर,(कासं)। जनपथ पर स्थित उड़ान (द सेंटर ऑफ थिएटर आर्ट एंड चाइल्ड डेवलोपमेन्ट) और इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की ओर से सम्वेत सभागार में शनिवार को सायं हुए बाल रंग महोत्सव में नन्हे रंगकर्मी बच्चों ने राजस्थान के डूंगरपुर जिले की वीर आदिवासी बाला काली बाई के जीवन पर संजय टूटेजा द्वारा निर्देशित एक नाटक का मंचन कर 75 वर्ष पूर्व इस वीर बालिका द्वारा अपने गुरु की रक्षा के लिए अग्रजों की गोली से स्वयं को बलिदान करने की ऐतिहासिक घटना को जीवन्त कर दिया। यह नाटक आजादी का 75 वाँ अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारत सरकार के संस्कृति मन्त्रालय के इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र और दिल्ली की संस्था (आईजीएनसीए) 'और उडान' संस्था के सौजन्य से बाल रंग महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रसेन मेडिकल कॉलेज और भारतीय शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा इंटर नेशनल वैश्य फेडरेशन के सलाहकार जगदीश मित्तल, आई जी एन सी ए के आयोजक अचल पण्ड्या और विशिष्ट अतिथि जन सम्पर्क विशेषज्ञ गोपेंद्र नाथ भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर रंगकर्मी एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय टुटेजा के दिशा निर्देशन में पांच बाल नाटकों का मंचन हुआ जिसमें चार देश भक्ति के नाटक टुटेजा निर्देशित वीर बाला काली बाई के साथ ही प्रभात सेंगर एवं नोमिता सरकार द्वारा निर्देशित 'मैना का बलिदान, योगेश पंवार द्वारा निर्देशित 'सरफरोशी की तमन्ना,नुपार्थ चौधरी एवं अंशु द्वारा निर्देशित 'आजादी की कहानी' और हिमांशु दास एवं गौरांग गोयल द्वारा निर्देशित हास्य नाटक 'भोला राम का जीव' का मंचन किया गया। सराहनपुर के झुग्गी झोंपडी के बच्चों ने भी नाटक के पात्र बन सभी को प्रभावित किया।

शिक्षकों की स्थानांतरण नीति पर सुझाव देने के लिए आसोलिया अधिकृत

उदयपुर,(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई राज्य के शिक्षकों हेतु स्थानांतरण नीति के ड्राफ्ट को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सर्वसम्मति से राजस्थान के शिक्षकों की स्थानांतरण एवं परिवेदना समिति के सचिव गोपाल सिंह आसोलिया को राज्य सरकार को इसमें और संशोधन एवं सुझाव देने हेतु अधिकृत किया गया। गौरतलब है कि आसोलिया द्वारा ही स्थानांतरण नीति में जिला स्तरीय कमेटी बनाने का सुझाव दिया गया था जिसमें जिला कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधि तथा संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी एवं गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के एकीकृत जैसे शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों को शामिल करने का सुझाव राज्य सरकार को प्रेषित किया गया था वर्तमान शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला एक शिक्षाविद अनुभवी एवं निष्कलंक शिक्षा मंत्री होने के नाते लाखों शिक्षकों की उनसे अपेक्षाएं बढ गई है हाल ही में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी के साथ उदयपुर जिले के विद्यालयों का दौरा करने पर शिक्षकों की अनेक परिवेदनाए प्राप्त हुई है जिन्हें परीक्षण उपरांत शिक्षा मंत्री को भेज दिया जाएगा।

कराटे प्रतियोगिता सम्पन्न

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर में आयोजित हुई दो दिवसीय महाराण प्रताप कप राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का समापन रविवार को सवीना स्थित सुहालका भवन में हुआ। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में वुमन्स सेल्फ डिफेंस एकेडमी उदयपुर के खिलाड़ियों ने अपने बेहतर प्रदर्शन के दम पर महाराण प्रताप कप अपने नाम किया। आशीष शर्मा ने बताया कि दो दिन में 12 राज्यो से आये 35०खिलाड़ियों ने कराटे की काता ओर कुमिते फाइट में अपना दमदार प्रदर्शन दिखाया। प्रतियोगिता के रेफरी द्वारा दिये निर्णय के आधार पर बेस्ट परफॉर्मेंस ट्रॉफी के प्रथम विजेता वुमन्स सेल्फ डिफेंस एकेडमी उदयपुर, द्वितीय विजेता आरसी. के.के. मार्शल आर्ट ओर सुरक्षा मार्शल आर्ट को तीसरे विजेता का खिताब मिला। इसी तरह बेस्ट टीम के रूप में उदयपुर की कमांडो मार्शल आर्ट एकेडमी प्रथम, रेसिस्टेन्स कराटे एकेडमी बांसवाड़ा द्वितीय ओर मास्टर ऑफ मास्टर कराटे एकेडमी इंदौर को तृतीय विजेता की ट्रॉफी हांसिल हुई। विजेताओ को समापन समारोह के मुख्य अतिथि बजरंग सेना प्रमुख कमलेन्द्र सिंह पंवार, डॉ. गजेंद्र जोशी सहित आयोजको द्वारा स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक, ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 20 खिलाड़ियों को सुपर गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्रों की वार्षिक कार्यशाला

उदयपुर,(कासं)। वार्षिक क्षेत्रीय समीक्षा कार्यशाला राजस्थान, हरियाणा एवं दिल्ली के कृषि विज्ञान केन्द्रों के तकनीकी सत्र रविवार को प्रसार शिक्षा निदेशालय पर आयोजित किये गये ।डॉ. एस.के.सिंह, निदेशक, अटारी, जोधपुर ने बताया कि कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर विभिन्न तकनीकी सत्र में डॉ. डी.सी.जोशी, कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं महाराणा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा अपना प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गये। इसी प्रकार डॉ. आर.पी.सिंह, माननीय कुलपति, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर की अध्यक्षता में कृषि विवि, जोधपुर, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा अपने-अपने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पर गहन विचार विमर्श हुआ।

13वीं सर्व साधारण सभा आयोजित

धरियावद,(निसं)। पालीवाल समाज धरियावद के तत्वावधान में अखिल भारतीय पालीवाल समाज मॉ आशापूर्णा शिक्षा प्रसारक ट्रस्ट का दो दिवसीय सम्मेलन एवं 13वॉ सर्व साधारण सभा का आयोजन प्रताप रिसोर्ट सभागार धरियावद में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शंभुदयाल पालीवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान आय व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं धरियावद पालीवाल समाज के वरिष्ठ पंच एवं समाजसेवी पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मुलचंद पालीवाल को उत्कृष्ठ समाज सेवा के लिए जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित कर उनके जीवनभर की सेवाओं का प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। इससे पहले अतिथियों द्वारा मॉ आशापूर्णा का दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कांग्रेस का सत्याग्रह कार्यक्रम आज

उदयपुर,(कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाई गई युवाओं के सपनों को कुचलने वाली अग्निपथ योजना के विरोध मे उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में कल दिनांक सोमवार प्रात: 10 बजे से बजे तक जिलाधीश कार्यालय के बाहर विरोध स्वरूप सत्याग्रह का कार्यक्रम रखा गया है। कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कोऑर्डिनेटर भीलवाडा नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

101 व्यंजनों का भोग लगाया

मंडफिया,(निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 101 व्यंजनों का भोग धराया गया। श्री सांवलिया जी मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी भक्त देवकरण पटेल की ओर से भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को 101 व्यंजनों का भोग धराया गया। इस मौके पर भक्त पटेल एवं उनके साथ आए भक्तों ने फल, मेवा, मिष्ठानों को हाथों में लेकर सांवलिया जी मंदिर पहुंचे। जहां पुजारी भैरू दास वैष्णव ने भगवान सांवलिया जी सेठ को 101 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगा कर सभी भक्तों को तुलसी, चरणामृत प्रदान कर 101 भोग का प्रसाद वितरण किया।

उदयपुर में छह संक्रमित मिले

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर जिले में रविवार को भो 6 कोरोना संक्रमित पाए गए। इन्हें मिलाकर उदयपुर जिले में एक्टिव केस की संख्या 41 हो गई है। जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी के अनुसार रविवार को मिली 772 जांच रिपोर्ट में 6 कोरोना संक्रमित पाए गए। इनमें 4 शहरी से एवं 2 ग्रामीण इलाके से है। कुल एक्टिव केस 41 में सभी होम आइसोलेशन में है।

महंत भारत भूषण का सम्मान

उदयपुर,(कासं)। गादीपति महाराज पीठाधीश्वर महंत भारत भूषण जोशी के राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर मां प्रेमी भक्तों ने महाराज को पगडी पहनाकर, उपरना, मालाओं, माताजी की चुनरी औढाकर, आदर सत्कार कर सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्काउट गाइड संगठन बालक-बालिकाओं में संस्कार का बीजारोपण करता है : कलेक्टर

■ मण्डल स्तरीय 40 दिवसीय अभिरूचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

उदयपुर,(कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरूचि शिविर का समापन समारोह जिला कलक्टर ताराचन्द मीणा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

जिला संगठन आयुक्त स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने बताया कि इस अवसर पर जिला कलक्टर ताराचन्द मीणा मुख्य अतिथि रहे एवं अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश आमेटा ने की. इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीवा एसपी चेतना भाटी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट दामोदर प्रसाद शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक वीरेन्द्र यादव, ट्रांसपोर्ट एसोसिऐशन अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राणावत, हैप्पी होम संस्थान के जगदीश अरोडा, चैयरमैन रोटरी क्लब वसुधा डॉ. सुषमा अरोडा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पूनम सक्सेना, उप जिला शिक्षा अधिकारी विजय सारस्वत आदि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ताराचन्द मीणा ने 40 दिवसीय शिविर अवधि में कुशल और दक्ष प्रशिक्षकों की देखरेख में सीखे गये काम काजों से विषयों के आधार पर तैयार सामग्री की तीन प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया और सामग्री का अवलोकन किया।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट दामोदर प्रसाद शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग के कला कौशल शिविर बालक, बालिकाओं, कामकाजी महिलाओं एवं जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करते है। इन शिविरों के माध्यम से बालक-बालिकाओं में स्वालंबन ओर स्वाभिमान की भावना आती है। किशनलाल सालवी ने 40 दिवसीय शिविर प्रतिवेदन और उपलब्धियों की जानकारी दी।

कलेक्टर मीणा ने स्काउट गाइड को बालक-बालिकाओं, युवक, युवतियों एवं युवा शक्ति में संस्कार का बीजारोपण कर जीवन जीने की कला सिखाने की पाठशाला बताया। उन्होंने कहा कि जो कुछ इस शिविर में सिखाया गया है, उसे जीवन में उतारें एवं आत्मनिर्भर बनें। स्वास्थ्य, सेवा ओर कौशल और स्वास्थ्य के लिऐ स्काउट गाइड संगठन के हर आयुवर्ग के कार्यकर्ता सदैव तैयार पाये जाते है। उन्होनें कहा कि जितना पढ ना लिखना जरूरी है उतना ही खेलना-कूदना भी जरूरी है। चेतना भाटी डीवाईएसपी के प्रभावी मार्गदर्शन में राजस्थान पुलिस की महिला कांस्टेबल और लेडी पेट्रोलिंग टीम सदस्य मिनाक्षी गरासिया और भावना मेघवाल द्वारा बालिकाओं को दिये गये 7 दिवसीय बालिका आत्म रक्षा प्रशिक्षण के प्रदर्शन ने सहभागियों सहित अभिभावकों, दर्शकों को अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर 150 छात्र-छात्राओं को आत्म रक्षा प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा, जगदीश अरोडा ने भी संबोधित किया।

ट्रक की चपेट में आयी युवती की दर्दनाक मौत

बांसवाड़ा,(निसं)। शहर के महाराणा प्रताप सर्किल पर बाईक सवार युवती के ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि युवती बाईक पर अपने पति के साथ शहर में आयी थी तभी प्रताप सर्किल पर पीछे से आते ट्रक ने गलत दिशा से उसे टक्कर मारी जिससे मोटर साईकिल का बैलेंस बिगड गया और पति और आगे बैठा बच्चा बाईक सहित दूसरी ओर जा गिरे जबकि युवती ट्रक की साईड में गिरी जिससे ट्रक का पिछला पहिया उस पर घुम गया। घटना के बाद मौके पर बडी संख्या में लोग जमा हो गये और ट्रक चालक को नीचे उतारने की कोशिश की लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

अध्यापकों के लिए न्यायपूर्ण स्थानान्तरण नीति लागू करने की मांग रखी

■ राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला कमेटी बैठक मे लिया निर्णय

डूँगरपुर,(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत डूंगरपुर जिला कार्यकारिणी की बैठक कर्मचारी महासंघ कार्यालय कलेक्ट्री परिसर डूँगरपुर में जिलाध्यक्ष मणिलाल मालिवाड अध्यक्षता व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमन्त खराडी के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमन्त खराडी ने शिक्षकों के लिए पारदर्शी एवं स्थाई स्थानांतरण नीति लागू कर भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जावें। डिजायर व्यवस्था समाप्त कर अविलंब अध्यापकों (तृ.वे.श्रृं) के स्थानांतरण किये जावे। साथ प्रतिबंधित जिलों की अवधारणा समाप्त कर टीएसपी क्षेत्र के प्रबोधकों सहित समस्त शिक्षकों जो यहां 20 वर्षो से कार्यरत है, उनका विकल्प पत्र के आधार पर गृह जिलों में समायोजन कर राहत प्रदान करने की मांग की। शिक्षकों की यह मांग पूरी न होने पर संगठन जुलाई माह में आन्दोलन करेगा।

जिलाध्यक्ष मणिलाल मालिवाड ने कहा पीएफआरडीए रद्ध करने, पुरानी पेंशन बहाली की अधिसूचना जारी करने, गैर शैक्षिणिक कार्यो और ऑनलाईन कार्यो से शिक्षकों को मुक्त करने, लंबित पदोन्नति प्रकिया तुरंत पूरी कर पात्र शिक्षकों को पदोन्नत करने। उपप्रधानाचार्य के 50 पद विभागीय सीधी भर्ति से भरे जायें। संस्कृत शिक्षा विभाग में पारदर्शी स्थाई स्थानान्तरण नीति लागू करने एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने। पदोन्नत व्याख्याताओं की एसीपी विसंगति दूर करने। संविदा, ठेका भर्ती पूर्णत:बंद करने। नियमित वेतनमान पर स्थाई भर्ती करने। पैराटीचर, शिक्षा सहयोगी, शिक्षाकर्मी, व पंचायत सहायकों को स्थायी करने सहित 7,14,21,28 तथा 32 वर्ष की सेवा पर चयनीत वेतनमान लागू करने की मांग रखी।

विद्यार्थी अपना कैरियर तय कर सफलता प्राप्त करें : डॉ. कुमावत

■ आलोक संस्थान द्वारा कैरियर फेयर का शुभारम्भ

उदयपुर,(कासं)। हर विद्यार्थी को अपनी क्षमता, कौशल, रुचि व अभिरुचि के अनुसार ही अपने कैरियर का चयन कर अपने भविष्य को सुखद बनाना चाहिए। उक्त विचार आलोक संस्थान द्वारा आलोक सी सै स्कूल हिरण मगरी से. 11 में आयोजित कैरियर फेयर का शुभारम्भ आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहे।

इस अवसर पर प्राचार्य शशांक टांक ने बताया की आलोक संस्थान द्वारा आयोजित कॅरियर फेयर में विशेषज्ञो द्वारा बच्चों को साइंस, कॉमर्स, व आर्ट्स विषय से जुड़े कई प्रकार के कोर्सेज के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार अपना अध्ययन करके अपने शानदार कैरियर की और कदम बढ़ा सकते है ।

इस अवसर पर विशेषज्ञो द्वारा बच्चो को इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, मेडिकल साइंस, डेयरी साइंस,फार्मेसी, सी ए, सी एस, सी डब्ल्यू ए, मैनेजमेंट, लॉ, सिविल सर्विस, मिलिट्री, डिजाइनिंग, ट्यूरिज्म, मास कम्युनिकेशन, सोशल वर्क आदि कई प्रकार की सेवा क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारी देकर विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। कैरियर फेयर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों ने आलोक संस्थान का कॅरियर फेयर के लिए उत्साह से अपना आभार प्रकट किया और विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार के आयोजन पर अपनी खुशी और सन्तुष्टि प्रकट कर इसे उपयोगी भी बताया। इस प्राचार्य शशांक टांक, एकेडमिक कॉउंसलर प्रतीक कुमावत और विशेषज्ञो ने विद्यार्थियों को सवाल जवाब के साथ उनके कैरियर चयन के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष पंड्या को श्रद्धांजलि

डूँगरपुर,(निसं)। राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डूंगरपुर जिला अध्यक्ष जितेश कुमार पंड्या के आकस्मिक स्वर्गवास हो जाने पर जिले के कर्मचारियों ने डाइट डूंगरपुर में एकत्रित होकर पंड्या को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा की शांति की कामना की। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश सलाहकार खुमान सिंह राव, जिला महामंत्री निखिल जैन, सिद्धार्थ जैन, राजीव जोशी, महेंद्र पानेरी दीपक चौबीसा एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। राव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंड्या बडे ही मृदुभाषी मिलनसार एवं कर्मचारियों के लिए सदैव तत्पर रहते थे।

ग्रामीण शौचालयों का नियमित उपयोग करें : चौहान

■ एसीईओ चौहान ने जाने जने विभिन्न योजनाओं के जमीनी हालात

राजसमंद,(निसं)। जिला परिषद एसीईओ भुवनेश्वरसिंह चौहान ने ग्राम पंचायत गजपुर में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नरेगा कार्यों आदि निरीक्षण कर जमीनी हालात जाने तथा मौके पर उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चौहान प्रात:साढे ग्यारह बजे गजपुर पंचायत के थोरिया गांव में पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी लक्ष्मणराम पुत्र सवाराम बलाई एवं एसबीएस के दो लाभार्थी से संपर्क कर जमीनी हकीकत जानी। इसके बाद गजपुर में दुर्गा पत्नी कन्ना भील के आवास तथा प्रगतिरत व निर्मित शौचालय का भौतिक सत्यापन कर ग्राम विकास अधिकारी को कार्य को गंभीरता से लेकर करने को लेकर सख्त निर्देश दिए। वहीं शौचालय विहिन परिवारों को 10 दिन में शौचालय निर्माण कर इसका नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कुंभलगढ विकास अधिकारी ओमप्रकाश काबरा, एसबीएम ब्लॉक समंवयक नरेश कुमार जोशी, कुंभलगढ कनिष्ठ लिपिक प्रकाश शर्मा, सरपंच किशनलाल भील, रोजगार सहायक, पंचायत सहायक आदि मौजूद थे। इससे पूर्व ग्राम पंचायत में कार्मिकों से परिचय किया। इसी प्रकार बडगांव, ओलादर में नरेगा संबंधित कार्यों फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं शौचालय के बारे में जानकारी लेकर भौतिक सत्यापन किया। इसी प्रकार एसीईओ चौहान ने रविवार को अलसुबह ग्राम पंचायत पुठोल एवं सापोल में भी नरेगा कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की फीडबेक लिया। उन्होंने भूडान में नाडी गहरी कराना कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी जोगिंदर शर्मा, पूर्व जिप सदस्य खुमसिंह मुण्डावत, उप सरपंच भैरूलाल जोशी, इत्यादि साथ मौजूद थे।

'विकास परियोजनाओं में भूस्थानिक प्रौद्योगिकी की भूमिका अहम'

■ राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के समापन

उदयपुर,(कासं)। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के समूह निदेशक डॉ. पी.एस. आचार्य ने कहा है कि जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय विकास परियोजनाओं एवं इनकी क्रियान्विति में भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉ. आचार्य रविवार को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में भू-स्थानिक तकनीकों पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान प्रसंगों में भू-स्थानिकी प्रौद्योगिकी के उपयोग और इसके माध्यम से हो रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इनके लोकहित में उपयोग के माध्यम से कई महत्त्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है बशर्ते इसका बेहतर उपयोग किया जाए। उन्होंने भारत की नई जियोस्पेशियल पॉलिसी व पोषणीय विकास हेतु भूस्थानिक प्रौद्योगिकी के बारे में संभागियों को विस्तार से बताया।

समापन समारोह में अपने संबोधन में इसरो हैदराबाद के समूह निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. के.एम. रेड्डी ने भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी के विस्तार संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकारी तकनीकी कर्मचारियों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए जमीनी स्तर पर प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, नियोजन एवं विकास के उद्देश्य से भूस्थानिक तकनीकों के प्रयोग और इनको सुदृढ करने की मंशाओं को उजागर किया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्रो. सीमा जालान ने कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि विभाग द्वारा तीसरी बार आयोजित की गई इस कार्यशाला में भारत के 6 राज्यों से 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया और जीआईएस व जीपीएस तकनीकों पर गहन मंथन किया।

12 वर्षीय तनिष्क को एबीसी नामक बीमारी से निजात मिली

■ एक लाख लोगों में से किसी एक में होती इस तरह की बीमारी

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल बेदला में 12 बर्षीय बच्चें का एन्यूरिज्मल बोन सिस्ट (एबीसी) नामक बीमारी का सफल ऑपरेशन कर इस बीमारी से निजात दिलाई। सफल ऑपरेशन में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ.आशीष बत्रा, डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.विक्रम, डॉ. हर्ष, डॉ.अभिलाष, डॉ. देवराजन, डॉ.राहुल एवं सुभाष की टीम का सहयोग रहा।

दरअसल राजसमन्द जिले को देवगढ़ तहसील के दौलपुरा निवासी 12 बर्षीय तनिष्क को पिछले 6 महिने से सीधे पॉव में गॉठ एवं सूजन की समस्या के चलते परेशानी का सामना करना पड रहा था। परिजनो ने कई जगह दिखाया लेकिन फायदा नहीं मिला। परिजन उसे पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला लेकर आए यहॉ इन्होने आर्थोपेडिक सर्जन डॉ आशीष बत्रा को दिखाया तो जॉव करने पर फिबूला में कैन्सर की गॉठ का पता चला जिसका की ऑपरेशन द्वारा ही इलाज सम्भव था।

डॉ आशीष बत्रा ने बताया कि एन्यूरिज्मल बोन सिस्ट एक अत्यधिक विनाशकारी सौम्य बोन ट्यूमर है, जो प्रति वर्ष 100,000 लोगों में से 1 से कम में होता है। एबीसी आमतौर पर किसी भी व्यक्ति में जन्म के 20 सालों में ही दिखाई देते हैं, जिनमें सबसे आम स्थान हाथ (ह्यूमरस), पैर (टिबिया, फाइबुला, फीमर), श्रोणि और रीढ़ हैं। जिसमें लगभग 15 से 20 प्रतिशत रीढ़ की हड्डी में होता हैं। डॉ.बत्रा ने स्पष्ट किया कि एन्यूरिज्मल बोन सिस्ट 16 और 17 गुणसूत्रों के छोटे भागों के क्रिस-क्रॉसिंग के परिणामस्वरूप होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक विनाशकारी ट्यूमर ऊतक का निर्माण होता है। जो क्रोमोसोमल ट्रांसलोकेशन एक ऑन्कोजीन को सक्रिय करता है, जो एक ट्यूमर पैदा करने वाला जीन है। बच्चा अभी पूरी तरह से स्वस्थ्य है और उसे डिचार्ज कर दिया गया है। मरीज के परिजनों ने चेयरमेन राहुल अग्रवाल, चिकित्सको, नर्सिंग स्टाफ एवं मेनेजमेन्ट को निशुल्क इलाज एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए धन्यवाद दिया।

नशा मुक्ति जागरूकता पोस्टर का विमोचन

उदयपुर,(कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'नया भारत नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग व आरोग्य सेवा संस्थान संयुक्त तत्वावधान में जिला कलक्टर ताराचंद मीणा व अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने संस्थान द्वारा किया गए कार्य की सरहाना करते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे मे बताया। उन्होंने उदयपुर शहरवासियों से इस अभियान मे बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की. उन्होंने नशा मुक्ति जारूकता पोस्टर पर हस्ताक्षर कर इस अभियान को आगाज किया।

सार-समाचार

राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह दो करोड़ 51 लाख की सौगात दी

डूँगरपुर,(निसं)। राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह ने वागड एवं डूंगरपुर बांसवाडा स्थानीय क्षेत्रों के लिए विभिन्न कार्यों के लिए 2 करोड 51 लाख की घोषणा की, जिसमें बुनकर समाज सेवा संस्था चौखला जोगपुर सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के लिए 15 लाख, बिछीवाडा में हाई मास्क के लिये 10 लाख, दामडी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख, पुनालीवाडा में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख, श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला सागवाडा टीन- शेड के लिए 20 लाख, बनकोडा में सीसी सडक व इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 20 लाख, तपस शैक्षिक पुनर्वास केंद्र डूंगरपुर के लिए छात्रावास निर्माण कार्य के लिए 15 लाख, ग्राम सिदडी खेरवाडा में सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख, फेल वॉल/ रिंग वाल जानामेडी उत्तम स्वामी जी आश्रम के पास बांसवाडा ठीकरिया ब्लॉक सडक के कार्य के लिये 20 लाख, आंजना पटेल समाज बारा संस्कृति केंद्र के लिए 10 लाख, रामसौर गांव में हॉल निर्माण कार्य के लिए 1० लाख, गोवर्धन विहार खडगदा डेम निर्माण कार्य के लिये 15 लाख, राधा कृष्ण गोशाला वमासा सामुदायिक भवन के लिये 1० लाख, सरस्वती विद्या निकेतन विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित ओडवाडिया में संस्कृतिक भवन निर्माण के लिये 10 लाख, पीपलागूंज सागवाडा में ग्राम पंचायत परिसर मे रिंग वाल निर्माण के लिये 20 लाख, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसरा छोटा परिसर में परकोटा निर्माण के लिये 1० लाख, गोवाडी सागवाडा सुथारो के नोरे के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिये 15 लाख, सागवाडा जोगपुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये 11 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष शांतिलाल पंड्या भूपेंद्र पालीवाल पदम सिंह डाबी चंपालाल लबाना प्रकाश लबान पार्षद सूर्य सिंह वह विभिन्न संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।

'अग्निपथ योजना वापस लें सरकार'

उदयपुर,(कासं)। केंद्र की अहंकारी मोदी सरकार द्वारा सेना में युवाओं के लिए 'अग्निपथ योजना' के खिलाफ आगामी 27 जून को युवाओं के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के राष्ट व्यापी धरना प्रदर्शन एवं सत्याग्रह करने की श्रंखला में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान में हर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित सत्याग्रह को लेकर कोऑर्डिनेटर लगाए गए हैं। इसी क्रम में बाडमेर जिले की सिवाना विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव राजपुरोहित को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। डॉ राजपुरोहित ने सिवाना जाकर वहां नेताओं और कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं सत्याग्रह को